FACT SHEET

जेनिटल वार्ट्स/ जननांग मस्सा: एसटीआई फैक्ट शीट

जेनिटल वार्ट्स क्या है?

जेनिटल वार्ट्स लिंग, योनि या गूदे (नीचे) के आसपास की त्वचा पर हुई गांठ हैं। जेनिटल वार्ट्स मानव पेपिलोमावायरस (एचपीवी) नामक संक्रमण के कारण होते हैं। एचपीवी बहुत आम संक्रमण है। जेनिटल वार्ट्स आमतौर पर दर्द रहित होते हैं और उपचार के बिना गायब हो सकते हैं।

जेनिटल वार्ट्स का संक्रमण कैसे होता है?

यदि कोई व्यक्ति संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा या ओरल सेक्स करता हैं, तो जेनिटल वार्ट्स (जननांग एचपीवी) त्वचा से त्वचा के संपर्क से पारित हो सकता है।

जेनिटल वार्ट्स आमतौर पर एचपीवी संक्रमण के 3-12 महीने बाद दिखाई देते हैं।

जेनिटल वार्ट्स से बचाव कैसे किया जा सकता है?

- एचपीवी टीका लगवाएं। टीका आपको कई आम प्रकार के एचपीवी से बचाता है जो की जेनिटल वार्ट्स और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के कारण है। एचपीवी टीका लगवाने के बारे मैं जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से बात करें।
- योनि, गुदा या ओरल सेक्स के दौरान कंडोम का प्रयोग करें। कंडोम जेनिटल वार्ट्स को फैलने से रोकेगा। ये सुनिश्चित करें कि आप एक से अधिक साथियों के बीच और सेक्स टॉयज साझा करते समय कंडोम बदलते हैं।
- ओरल सेक्स के दौरान डैम का इस्तेमाल करें। डैम त्वचा से त्वचा के संपर्क को रोकेगा जिससे जेनिटल वार्ट्स को पारित होने से रोका जा सकता है।
- यदि आपके जेनिटल वार्ट्स हैं तो प्रभावित क्षेत्र पर शेविंग या वैक्सिंग से बचें।
- हर 3-12 महीनों में एसटीआई और एचआईवी के लिए परीक्षण करें। यह महत्वपूर्ण है और एक स्वस्थ आत्मविश्वासी यौन जीवन का हिस्सा है।

जेनिटल वार्ट्स का परीक्षण कैसे किया जा सकता है?

जेनिटल वार्ट्स नियमित एसटीआई परीक्षण का हिस्सा नहीं हैं। यदि आप अपने जननांगों पर कोई नई गांठ देखते हैं, तो आप जननांगों की त्वचा की जांच करने के लिए डॉक्टर या नर्स से जेनिटल वार्ट्स की जाँच करवा सकते हैं।

यदि आपके जेनिटल वार्ट्स हैं, तो आपको अन्य एसटीआई के लिए परीक्षण करवाना चाहिए। एसटीआई परीक्षण आसान एवं गोपनीय हैं और इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

आप अपने स्थानीय चिकित्सक, एक यौन स्वास्थ्य क्लिनिक और कुछ विश्वविद्यालय स्वास्थ्य क्लीनिकों में एसटीआई परीक्षण करवा सकते हैं। अपने लिए निकटतम सेवा खोजने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं।

FACT SHEET

जेनिटल वार्ट्स/ जननांग मस्सा: एसटीआई फैक्ट शीट

जेनिटल वार्ट्स का क्या ईलाज है?

जेनिटल वार्ट्स जैसे हैं वैसे ही रह सकते हैं वही रह सकते हैं, ज्यादा बिगड़ सकते हैं या उपचार के बिना जा भी सकते हैं। ज्यादातर लोग इनका ईलाज करना चाहते हैं। आप अपने डॉक्टर से जेनिटल वार्ट्स के ईलाज मैं इस्तेमाल होने वाली विशेष पेंट या क्रीम प्राप्त कर सकते हैं।

जेनिटल वार्ट्स के लिए शरीर के अन्य हिस्सों पर होने वाले मस्सों के उपचार का उपयोग न करें। इससे आपके जननांग की त्वचा खराब हो सकती है और यह बहुत पीड़ा पूर्ण भी हो सकता है। कदाचित आपके डॉक्टर आपके शरीर पर हुए जेनिटल वार्ट्स को जमा या जला कर हटा देते हैं।

जेनिटल वार्ट्स और अन्य एसटीआई के बारे में और जानकारी कहाँ मिल सकती है?

जेनिटल वार्ट्स, अन्य एसटीआई और अपने यौन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी और समर्थन के लिए, आप विशेषज्ञ यौन स्वास्थ्य नर्स से बात करने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं। यह मुफ़्त, गोपनीय और गैर-न्यायिक है। आप International Student Health Hub भी जा सकते हैं।

यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं या जानकारी प्राप्त करने के लिए दूभाषिये की आवश्यकता है तो आप Translating and Interpreting Service को 131 450 पर संपर्क करें।

Scan the QR code to find out more about genital warts and STIs